


नवभारत

भोपाल, शनिवार, 27 दिसंबर, 2025


# बाबा के भेष में गांजे की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद किया 60 हजार से अधिक मूल्य का डेढ़ किलो से ज्यादा गांजा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** चंदेरी पुलिस ने बाबा के भेष में गांजा तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उससे डेढ किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। पुलिस द्वारा जब्त किये गांजे की कीमत करीब 60 हजार रूपये बताई जा रहीं है। जानकारी के मुताबिक आरोपी बाबा के भेष में क्षेत्र में गांजा सप्लाई करने आता था, जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करते हुए उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।



दरअसल जिलेभर में पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अवैध शराब एवं अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रहीं है। इसी कड़ी में शुक्रवार को चंदेरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कदवाया के तरफ से एक बाबा अपनी मोटरसाइकिल से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु चंदेरी तरफ आ रहा है। चंदेरी पुलिस द्वारा उक्त सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक कार्रवाई हेतु आदेशित किया। जिसके चलते पुलिस ने पिछोर रोड बाईपास पर चेकिंग लगाई गई, जहां पुलिस चैकिंग के दौरान आरोपी चंद्रभान सिंह बाबा पुत्र मोतीलाल लोधी निवासी ग्राम टोरिया तहसील बदरवास जिला शिवपुरी के कब्जे से 1 किलो 600 ग्राम गांजा कीमत करीब60000 को जप्त किया गया, तो वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत सिंह यादव, उप निरीक्षक कदम सिंह मीणा, जोगेंद्र सिंह यादव, अवधेश कुमार, प्रधान आरक्षक आनंद सिकरवार, आरक्षक योगेंद्र सिंह रघुवंशी, सतीश वर्मा, आनंद सिंह राजपूत, ज्ञान सिंह लोधी, रामकुमार साहू, वैभव सक्सेना, विश्वनाथ राजावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सटोरिये आजाद खान की क्रेडिट सोसायटी पर एक्शन

**मंत्री विश्वास सरंग ने दिए जांच के निर्देश**

**प्रशासन को सात दिन में करना होगी जांच**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अशोकनगर में सट्टा संचालन एवं अवैध आर्थिक गतिविधियों के आरोपी आजाद खान से जुड़ी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी पर सख्त एक्शन लिया है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए मंत्री श्री सारंग ने आजाद खान की KGN साख सहकारी संस्था मर्यादित, वार्ड क्रमांक 10 अशोकनगर की सभी वित्तीय ट्रांजेक्शन पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री श्री सारंग ने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मामले की गहन और निष्पक्ष जांच कर 07 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जांच में यदि किसी भी स्तर पर दोष सिद्ध होता है, तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। तब तक आजाद खान की यत्रह साख सहकारी संस्था मर्यादित के सभी तरह के वित्तीय लेनदेन पर रोक रहेगी। जानकारी के अनुसार आजाद खान के विरुद्ध सट्टा संचालन सहित अन्य आपराधिक मामलों में पहले से कार्रवाई चल रही है तथा वह वर्तमान में जेल में बंद है। अवैध आर्थिक गतिविधियों के संदेह के चलते संबंधित क्रेडिट सोसायटी की भूमिका भी जांच के दायरे में लाई गई है।

## एक नजर में



### कार्यक्रम के लिए कलेक्टर को किया आमंत्रित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन द्वारा आगामी 28 दिसंबर को मां जानकी के धाम करीला में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेशभर के पंचायत सचिव शामिल होंगे। तो वहीं कार्यक्रम के चलते पंचायत सचिव संगठन का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर आदित्य सिंह से मिला और उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, गुना जिलाध्यक्ष ब्रज रघुवंशी सहित अन्य सचिव शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि पंचायत सचिव संगठन द्वारा यह कार्यक्रम वेतनमान की मांग पूरी होने पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जहां बधाई कराई जाएगी, तो वहीं भंडारे का आयोजन किया गया है।

### कंबल किए वितरित

**अशोकनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करूनानिधि सेवा समिति द्वारा ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के चलते समिति के सदस्य ग्राम टकनेरी बस्ती पहुंचे, जहां पर बुजुर्ग महिला, पुरुष, बेसहारा एवं दिव्यांग महिलाओं की जानकारी लेकर उनके नाम लिखें और बाद में जाकर उनको कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर करुणा निधि सेवा समिति के अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी , कोषाध्यक्ष पारस चंद जैन और सचिव रामबली सिंह डोंगरा, सह सचिव प्रदीप शर्मा, मानक चंद जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आवक से गुलजार मंडी में अव्यवस्थाओं से परेशान किसान

## परिसर में धूल, न पानी न छांव, तौल के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बहादुरपुर में करीबन पांच वर्ष पूर्व अस्तित्व में आई कस्बे की कृषि उप मंडी इन दिनों आवक से गुलजार है। बीते दो ढाई महीने से उप मंडी में औसतन प्रतिदिन पांच हजार बोरी उपज की आवक हो रही है जो कि मुंगावली मंडी से भी अधिक है किंतु यहां की सुविधाओं पर अव्यवस्थाएं हावी हैं। यहां आने वाले किसानों को इन अव्यवस्थाओं से हर दिन दो चार होना पड़ रहा है।



बताया गया है कि परिसर में सबसे बड़ी समस्या धूल की है। जब परिसर की सीसी कराई गई थी, तब ही स्थानीय लोगों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए थे। दो बार इस निर्माण की जांच भी हुई लेकिन सब कुछ रफ़ा दफा कर दिया गया। अब वाहनों की आवाजाही से सीसी पूरी तरह से उखड़ गई है और परिसर में धूल ही धूल पसरी रहती है। वाहनों के आने जाने से धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। दूसरी प्रमुख समस्या पेयजल की है। यहां की प्याऊ तक पाइप पहुंचाने वाले पाइप जगह जगह से टूट गए हैं। अब प्याऊ पूरी तरह से बंद हैं। पेयजल व्यवस्था के लिए मंडी कर्मचारियों ने कुछ कैन रख दी हैं और एक टंकी रखी हुई है। मंडी व्यापारियों को फड़ आवंटित नहीं होने से उन्होंने कृषक विश्राम गृह से लेकर छतरियों तक कब्जा कर रखा है। जिससे किसान आराम करने के लिए भी परेशान रहते हैं। किसानों का कहना है कि मंडी में तौल कांटा नहीं होने से एक से दो किलोमीटर दूर धर्मकांटा कराने जाना पड़ता है। इसी तरह कस्बे में कोई राष्ट्रीय कृत बैंक शाखा नहीं होने से किसानों को भुगतान में देरी होती है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले किसानों को कई बार भुगतान मिलने में रात हो जाती है।

**एकमात्र नाकेदार की तैनाती :**

उप मंडी में व्यवस्थाओं के लिए मंडी प्रशासन द्वारा केवल एक नाकेदार की तैनाती कर रखी है। इसके अलावा एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी और दो गार्ड हैं। जिसके कारण डाक बोली में देरी और उपज की सुरक्षा की स्थिति ठीक नहीं है। हालांकि नाकेदार द्वारा व्यवस्थाएं बनाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है लेकिन मुंगावली मंडी समिति द्वारा अतिरिक्त कर्मचारी नहीं भेजे जा रहे हैं।

**हम्मालों और तुलावटों के भी पंजीयन नहीं :**

उप मंडी में बीते पांच वर्ष से लगातार आवक बढ़ रही है। वर्तमान में यहां करीब तीन सौ हम्माल और तुलावटी कार्यरत हैं। जिनका अब तक कोई पंजीयन नहीं हुआ है। जिससे श्रमिक कानून का खुला उल्लंघन हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि वह बीते कई वर्षों से इनके पंजीयन की मांग कर रहे हैं।

# ग्राम सभा में दी बी वी जी रामजी योजना की जानकारी

**नवभारत अशोकनगर।** वीबी जी राम जी अधिनियम 2025 के संबद्ध में विशेष ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायत तरावली में किया गया। जहां पर इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विजन विकसित भारत 2047 के परिप्रेक्ष्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी एक्ट 2005 के मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत रोज़गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण बीवी जी राम जी विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। इस अधिनियम की जानकारी सभी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों को इस योजन के माध्यम से अब 125 दिन रोजगार मिलेगा। इस मौके पर सरपंच श्रीमति छुट्टन केवट, सरपंच प्रतिनिधि जयप्रकाश रघुवंशी, सचिव हरिशंकर शर्मा, सहायक सचिव श्याम रघुवंशी, अजय रघुवंशी, पीसीओ बाबूराम विमल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# सिविल अस्पताल के पास बनाया जाए 50 बिस्तरीय अस्पताल

**मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन**

**मांग पूरी न होने पर दी प्रदर्शन की चेतावनी**

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक भार्गव के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कांग्रेस पार्टी द्वारा मांग की गई कि प्रस्तावित 50 बिस्तर अस्पताल जो निर्जन स्थल पर स्वीकृत हुआ है, वह आमजन के हित में नहीं है वर्तमान अस्पताल के आसपास पर्याप्त स्थान मौजूद है और वह जगह संपूर्ण नगर के साथ पूरी तरह से आमजन के हित में है। कांग्रेस पार्टी आमजन के हितों को देखते हुए वर्तमान सिविल अस्पताल के समीप ही 50 बिस्तर के अस्पताल का निर्माण कराई जाने की मांग कलेक्टर से की है । साथ ही यह भी बताया कि यदि मांग नहीं मानी गई तो कांग्रेस पार्टी को आंदोलन करेगी। इस मौके पर रीतेश कपस्या, बृजकिशोर याज्ञनिक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शौचालय की टंकियों में मिली अवैध शराब

**सूचना पर चार थानों की पुलिस ने दी दबिश**

**मौके पर एक हजार लीटर लाहन भी मिला**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** अवैध शराब की सूचना पर जब चार थानों की पुलिस द्वारा दी गई दबिश तो वह हैरान रह गई, क्योंकि जिस अवैध कच्ची शराब की तस्करी आरोपियों द्वारा की जा रही है, वह अवैध शराब आरोपी के घर में बने शौचालय में रखी टंकियों भरी थी, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। तो वहीं एक हजार लीटर लहान भी पुलिस ने पकड़ा, जिसे तत्काल नष्ट किया गया है। पिपरई पुलिस की इस कार्रवाई में जहां क्षेत्र में फलफूल रहे अवैध शराब के कारोबार का उजागर किया है, तो वही आगामी समय में ऐसी और कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

उल्लेखनीय है कि गुरूवार को अवैध शराव की सूचना पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा को प्राप्त हुई, जिसके बाद उन्होंने टीम गठित की गई, जिसमें थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा, थाना प्रभारी मुंगावली उप निरीक्षक अरविंद सिंह कुशवाह, थाना प्रभारी सेहराई उप निरीक्षक धर्मेश दाँगी एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव को अवैध शराव के विरूद्ध कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा ग्राम मूडरा बहादरा चक्क में पारदियों के डेरों में दबिश दी गई व घरों के आसपास तलाश की गई, तो संदेही गिन्दा पारदी के बगल में बने पुराने शौचालय में तीन सफेद रंग की कैनों में 75 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की गई। तो वहीं उसके घर के पीछे से करीबन 1000 लीटर कच्ची शराब बनाने का लाहान टंकियों में भरा मिला, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर नष्ट किया गया। इस मामले में पुलिस ने संदेही गिन्दा पारदी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।



# सिविल अस्पताल में दूसरा सीजर ऑपरेशन भी सफल

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** सिविल अस्पताल में गुरुवार को दूसरा सफल सीजर ऑपरेशन हुआ,नगर के सिविल अस्पताल में यह दूसरा सीजर ऑपरेशन था इससे पहले एक ऑपरेशन हो चुका है जिसमें महिला ने स्वास्थ्य बच्ची को जन्म दिया था। बीएमओ दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को सिविल अस्पताल में एक गर्भवती महिला को ऑपरेशन की जरूरत पड़ी क्योंकि उक्त महिला का पहली डिलेवरी भी ऑपरेशन से हुई थी, जिससे नॉर्मल डिलेवरी नहीं हो पा रही थी और ऑपरेशन ही करना था और टीम को ऑपरेशन करने को कहा जिसपर उक्त गर्भवती महिला ने स्वास्थ बालक को जन्म दिया और दोनों जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य है। इस ऑपरेशन में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में डॉ अमित कुमार पाण्डेय की टीम द्वारा सिविल अस्पताल में टीम के सदस्यों मे डॉ दीपक जैन निचेतना विशेषज्ञ, नर्सिंग ऑफिसर जशरथ धोहरे, कुशुम लता टेकाम,ममता विश्कर्मा,छमा सोनी, शामिल रही।

## कार्यक्रम

### वीर बाल दिवस के कार्यक्रम में बोले भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी

# मुगलों की क्रूरता का साहस से किया मुकाबला, शहादत दी धर्म नहीं बदला

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गांधी पार्क पर सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के वीर सपूत साहबजादे जोरावर सिंह जी, फतेह सिंह जी के बलिदान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि साहबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह का बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो हमें धर्म सत्य और राष्ट्र की रक्षा के लिए हर परिस्थितियों में अडिग रहने की प्रेरणा देता है। वीर साहबजादों का त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए साहबजादों की वीरता और शहादत का बखान किया। तथा उन्हें सादर नमन किया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पूरे परिवार ने मुगलों की क्रूरता का साहस के साथ मुकाबला किया और धर्म की रक्षा के लिए शहादत दी,लेकिन धर्म नहीं बदला। बीरबल दिवस कार्यक्रम के प्रभारी मलकीत सिंह संधू के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उक्त कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान मलकीत सिंह संधू ने 21 से 27 दिसंबर चलने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, मनोज शर्मा, सनत शर्मा, प्रांजल जैन,राजेश तारई,राकेश रेडियो सहित बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**सत्संग में बताया इतिहास :**

आयोजित सत्संग समागम में ज्ञानी गुरबचन सिंह ने सिक्ख इतिहास के अहम प्रसंग शहीदी गुरु तेग बहादुर जी एवं सरबंस दानी धंन श्री गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी के लाडले महान वीर सपूत धन बाबा फतेह सिंह जी धन बाबा जोरावर सिंह जी श्री फतेहगढ़ साहिब जी का अलौकिक इतिहास श्रवण कराया। ज्ञानी जी ने पावन इतिहास का वर्णन करते हुए वचनों में जिक्र करते हुए कहा कि विश्व इतिहास की अनोखी शहादत है जब दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी से झूठे वादे करके औरंगज़ेब आनंदपुर साहिब का किला खाली करवाया उपरांत गुरु साहिब जी वहां से निकलकर सरसा नदी के पास पहुंचे तो वहां पर मुगल फौज ने हमला किया वहां पर घमासान युद्ध हुआ, जिसमें गुरु जी का परिवार बिछढ़ गया बडे साहिबजादे बाबा अजीत सिंह साहब जी बाबा जुझार सिंह जी और 40 सिखों ने चमकौर की घड़ी में डटकर मुकाबला किया। वहीं मुगलों की 10 लाख सेना को लोहे के चने चबवाऐ दूसरी और छोटे साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी उमर 9 साल बाबा फतेह सिंह जी उमर 7 साल और उनके दादी माता गुर्जर कौर जी 80 साल को गंगू ब्राह्मण नामी दुष्ट व्यक्ति ने जो ब्राह्मणों के नाम पर यह कलंकित था इसने वजीर खान के दरबार सरहिंद जो आजकल पंजाब में है फतेहगढ़ साहिब नाम से जाना जाता है वहां गिरफ्तार करवा दिया साहबजादों ठंडाई बुर्ज रखा गया पीने के लिए पानी खाने के लिए रोटी पहनने के लिए कपड़े भी न दिए गए बहुत से जुल्म वजीर खान के दरबार में हुए।

# मशाल रैली से शुरू होंगे ओलंपिक खेल

**पहले शहर में निकाली जाएगी मशाल रैली**

**2 से 5 जनवरी तक होगा आयोजन**



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** नगर परिषद मुंगावली द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन एवं खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुंगावली ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 30 दिसंबर को सुबह 9 बजे भव्य ओलंपिक मशाल रैली का आयोजन किया जाएगा, नगर परिषद कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार यह मशाल रैली जेल तालाब ग्राउंड से प्रारंभ होगी। जिसमें नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं की सहभागिता अनिवार्य रहेगी। रैली के माध्यम से खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, एकता एवं खेल भावना विकसित करने का संदेश दिया जाएगा। नगर परिषद द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुंगावली ओलंपिक खेलों का आयोजन 2 जनवरी से 5 जनवरी 2026 तक स्थानीय स्टेडियम परिसर में किया जाएगा। इन खेलों में कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, टेनिस बॉल क्रिकेट, एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाएं, शतरंज, हैंडबॉल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी नगर परिषद ने सभी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें तथा सभी छात्र-छात्राएं अपनी-अपनी विद्यालयीन खेल गणवेश में मशाल रैली में शामिल हों। ओलंपिक मशाल रैली को लेकर विद्यार्थियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। साथ ही नगरवासियों से भी आयोजन में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है। उक्त आयोजन को लेकर गुरुवार को मुंगावली नगर परिषद सभागार में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसीलदार सोनम शर्मा, नगर परिषद सीएमओ विनय भट्ट, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेश ग्वाल, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र परिहार, थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछवाह, मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, शिक्षक प्रमोद चतुर्वेदी सहित लोग उपस्थित रहे।